दैनिक
# नवश्रेय टाईम्स
PRGI No._RJHIN/25/A0587

सम्पर्क सूत्र
दैनिक नवश्रेय टाईम्स में समाचार, विज्ञापन और सूचनाएं प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें:-
मो. 9602240956
Email-
navshreyatimes@gmail.com

वर्ष : 01 अंक : 57 जयपुर, रविवार, 28 सितम्बर 2025 प्रभात संस्करण मूल्य: 2 रु. कुल पृष्ठ : 4

केंद्र सरकार ने हाल ही में ओडिशा के लिए दो सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी दी है : पीएम

## हम गरीबों, दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने पर बहुत जोर देते हैं: पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा के झारसुगुड़ा में 50,000 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया
- आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम उठाते हुए
- बीएसएनएल ने पूरी तरह से स्वदेशी 4जी तकनीक विकसित की है, जिससे भारत 4जी सेवाएं शुरू करने के लिए पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक वाले दुनिया के शीर्ष पांच देशों में शामिल हो गया है: पीएम



■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज ओडिशा के झारसुगुड़ा में 50,000 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का सादर अभिवादन किया। इस समय नवरात्रि के उत्सव का उल्लेख करते हुए, मोदी ने कहा कि इन पावन दिनों में उन्हें माँ समालेई और माँ रामचंडी की पावन भूमि पर आकर वहाँ उपस्थित जनसमूह से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित माताओं और बहनों की उपस्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका आशीर्वाद ही शक्ति का सच्चा स्रोत है। उन्होंने जनसमूह को प्रणाम किया। डेढ़ साल पहले हुए विधानसभा चुनावों के दौरान ओडिशा के लोगों ने एक नई प्रतिबद्धता के साथ विकसित ओडिशा की ओर बढ़ने का संकल्प लिया था। इस बात को याद करते हुए।

### केंद्र और राय में हमारी सरकार ओडिशा में विकास की गति को तेज करने के लिए प्रतिबद्ध है : पीएम

प्रधानमंत्री ने कहा कि हज़ारों गाँव इस ऐतिहासिक दिन को देखने के लिए वर्चुअल रूप से जुड़े हुए हैं और हाई-स्पीड इंटरनेट के ज़रिए इसे सुन और देख रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय संचार मंत्री योतिरादित्य सिंधिया भी असम से इसमें शामिल हो रहे हैं।बीएसएनएल की स्वदेशी 4त्न सेवाओं से आदिवासी क्षेत्रों, दूरदराज के गांवों और पहाड़ी इलाकों को सबसे ज़्यादा फ़ायदा होने पर ज़ोर देते हुए, मोदी ने कहा कि इन क्षेत्रों के लोगों को अब गुणवत्तापूर्ण डिजिटल सेवाओं तक पहुँच प्राप्त होगी। ग्रामीण क्षेत्रों के बचे ऑनलाइन कक्षाओं में भाग ले सकेंगे, दूर-दराज़ के किसान अपनी फसलों के दाम जान सकेंगे और मरीज़ों को टेलीमेडिसिन के ज़रिए डॉक्टरों से परामर्श लेना आसान हो जाएगा। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि इस पहल से हमारे सशस्त्र बलों के जवानों को भी काफ़ी फ़ायदा होगा, क्योंकि बेहतर कनेक्टिविटी के ज़रिए वे सुरक्षित रूप से संवाद कर पाएँगे।इस बात पर ज़ोर देते हुए कि भारत पहले ही सबसे तेज़ 5त्न सेवाएँ शुरू कर चुका है, प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जिन बीएसएनएल टावरों का उद्घाटन किया गया है, वे 5त्न सेवाओं को भी सपोर्ट करने के लिए पूरी तरह से सुसजित हैं। उन्होंने इस ऐतिहासिक अवसर पर बीएसएनएल और देश के सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई दी।आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए कुशल युवाओं और एक मज़बूत अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए, मोदी ने कहा कि यह उनकी सरकार की एक प्रमुख प्राथमिकता है। उन्होंने ओडिशा सहित पूरे देश में शिक्षा और कौशल विकास में किए जा रहे अभूतपूर्व निवेश पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि इंजीनियरिंग कॉलेजों और पॉलिटेक्निक संस्थानों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, और इस प्रयास को समर्थन देने के लिए स्म्श्वक्रञ्जश्व नामक एक नई योजना का शुभारंभ किया। इस योजना के तहत, तकनीकी शिक्षा संस्थानों में हज़ारों करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन करने की मजबूरी से मुक्ति मिलेगी। इसके बजाय, उन्हें अपने ही शहरों में आधुनिक प्रयोगशालाओं, वैश्विक कौशल प्रशिक्षण और स्टार्टअप के अवसरों तक पहुँच प्राप्त होगी।प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के हर क्षेत्र, हर समुदाय और हर नागरिक तक सुविधाएँ पहुँचाने के लिए अभूतपूर्व प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए रिकॉर्ड स्तर का निवेश किया जा रहा है। अतीत का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि लोग पहले की स्थिति से अछी तरह वाकिफ़ हैं और विपक्ष ने जनता का शोषण करने का कोई मौका नहीं छोड़ा। मोदी ने कहा कि 2014 में जब जनता ने सरकार को सेवा का अवसर दिया, तो उनके प्रशासन ने विपक्ष के शोषणकारी तंत्र से देश को सफलतापूर्वक मुक्त कराया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार में, दोहरी बचत और दोहरी कमाई का एक नया युग शुरू हुआ है। उन्होंने अतीत की तुलना करते हुए उन्होंने अतीत की तुलना करते हुए कहा कि पिछली सरकार के दौरान, कर्मचारियों और व्यापारियों को 2 लाख तक की आय पर भी कर देना पड़ता था। इसके विपरीत, उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि आज, 12 लाख तक की वार्षिक आय वाले व्यक्तियों को एक रुपया भी आयकर नहीं देना पड़ता है।यह उल्लेख करते हुएहयह उल्लेख करते हुएह उल्लेख करते हुए कि 22 सितंबर 2025 से ओडिशा सहित पूरे देश में नए जीएसटी सुधार लागू किए गए हैं।

## राजनाथ सिंह विकसित भारत और पूर्व सैनिक कल्याण पर राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 का उद्घाटन करेंगे

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 29-30 सितंबर, 2025 को रक्षा मंत्रालय के भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग (डीईएसडब्ल्यू) द्वारा आयोजित विकसित भारत और भूतपूर्व सैनिक कल्याण विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 का उद्घाटन करेंगे। यह आयोजन भारत के पूर्व सैनिकों के कल्याण और उनके पुनर्वास के लिए राष्ट्रव्यापी प्रयासों को मज़बूत करने हेतु प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाएगा। इस अवसर पर सचिव (डीईएसडब्ल्यू) डॉ. नितेन चंद्रा भी उपस्थित रहेंगे। यह सम्मेलन विचारों के सार्थक आदान-प्रदान के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा, जहाँ देश भर के राय सैनिक बोर्डों (आरएसबी) और जिला सैनिक बोर्डों (जेडएसबी) के प्रतिनिधि जमीनी स्तर पर चर्चा करेंगे। इन विचार-विमर्शों का उद्देश्य सर्वोत्तम विधियों को साझा करना, सहायता तंत्र को मज़बूत करना और यह सुनिश्चित करना है कि कल्याणकारी योजनाएँ प्रत्येक पूर्व सैनिक तक अधिक दक्षता और प्रभावी तरीके से पहुँचें।

## घुसपैठियों को चुन-चुनकर बिहार से बाहर करेंगे : अमित शाह

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को फारबिसगंज में कोशी, पूर्णिया और भागलपुर क्षेत्र के मंडल स्तर तक के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा, साथ ही कार्यकर्ताओं से एकजुटता की अपील की। भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए अमित शाह ने विपक्ष पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव राहुल गांधी और लालू यादव के लिए सिर्फ सत्ता हासिल का जरिया हो सकता है, लेकिन भाजपा के लिए यह चुनाव बिहार को घुसपैठियों से मुक्त कराने और राय को बाढ़ की त्रासदी से स्थायी समाधान देने के लिए है।

बिहार की जनता राजग को दो-तिहाई बहुमत देती है, तो भाजपा एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुनकर बाहर इस राय से करेंगी।



जी4 देशों के विदेशमंत्रियों ने की बैठक

## वैश्विक अस्थिरता के बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तत्काल सुधार पर जोर

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

जी4 देशों (ब्राजील, जर्मनी, भारत और जापान) के विदेश मंत्रियों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र से इतर एक बैठक की। इसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में सुधार की स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की गई। जी4 देशों के विदेश मंत्रियों ने संयुक्त बयान में कहा कि वैश्विक व्यवस्था में बढ़ती अस्थिरता और संयुक्त राष्ट्र की घटती प्रभावशीलता के बीच सुरक्षा परिषद में तत्काल सुधार जरूरी है।उनका कहना था कि वर्तमान भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए परिषद का विस्तार स्थायी और अस्थायी दोनों श्रेणियों में होना चाहिए, ताकि इसकी प्रतिनिधित्व, वैधता, प्रभावशीलता और दक्षता बढ़ाई जा सके। मंत्रियों ने इस बात पर सहमति जताई कि अधिकांश सदस्य देश इस प्रस्ताव का समर्थन करते हैं। उन्होंने सुरक्षा परिषद में विकासशील देशों और अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले देशों की भूमिका और भागीदारी बढ़ाने की जरूरतों पर सहमति व्यक्त की। इस संबंध में जी4 देशों के विदेश मंत्रियों ने दोनों सदस्यता श्रेणियों में अफ्रीका, एशिया-प्रशांत, लैटिन अमेरिका और कैरिबियन जैसे कम प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों और समूहों के प्रतिनिधित्व में सुधार के महत्व पर जोर दिया। जी4 देशों ने एजुलविनी सहमति और सिर्ते घोषणा में निहित कॉमन अफ्रीकन पोजिशन (सीएपी) के प्रति अपने मजबूत समर्थन की पुष्टि की। सीएपी वैश्विक मुद्दों पर ध्यान देने, अफ्रीका की प्राथमिकताओं की वकालत करने और अंतर्राष्ट्रीय वार्ताओं को प्रभावित करने के लिए अफ्रीकी संघ (एयू) का एकीकृत रणनीतिक ढांचा है। एजुलविनी सहमति के नाम से जानी जाने वाली यह स्थिति संयुक्त राष्ट्र की स्थायी सदस्यता से अफ्रीका के बहिष्कार को उजागर करती है और सुरक्षा परिषद में अफ्रीका के लिए कम से कम दो स्थायी सीटों की वकालत करती है। विदेश मंत्रियों ने कहा कि सुरक्षा परिषद का व्यापक सुधार सभी के हित में है। लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों और बहुपक्षवाद के प्रति प्रतिबद्ध जी4 देश अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार और सक्षम हैं। 79वें सत्र के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने अंतर-सरकारी वार्ता (आईजीएन) प्रारूप में सुरक्षा परिषद सुधार पर ठोस प्रगति की कमी पर चिंता व्यक्त की।संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर जी4 देशों के विदेश मंत्रियों ने इस बात पर जोर दिया कि वे संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र के दौरान होने वाली चर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

## मनोहर लाल ने स्वछ शहर जोड़ी पहल का किया शुभारंभ, 300 शहरों ने किए समझौते

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को स्वछ शहर जोड़ी (एसएसजे) पहल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर लगभग 300 शहरों ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इससे शहरी अपशिष्ट प्रबंधन में ज्ञान-साझाकरण, मार्गदर्शन और सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।मंत्रालय के मुताबिक, सोनीपत में आयोजित कार्यक्रम में इस पहल के तहत 72 मार्गदर्शक शहर और लगभग 200 प्रशिक्षित शहर शामिल हैं। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शहरों को स्वछ सर्वेक्षण 2024 के सुपर स्वछ लीग में शामिल किया गया, जबकि कम प्रदर्शन करने वाले शहरों को उनके भौगोलिक निकटता के आधार पर मार्गदर्शक शहरों के साथ जोड़ा गया। इसका उद्देश्य प्रशिक्षित शहरों को मेंटर शहरों से सीखकर अपने स्वछता परिणामों में सुधार करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना है। मनोहर लाल ने कहा कि पहल का उद्देश्य अंत्योदय की भावना यानी कोई भी शहर पीछे न छूटे और हर शहर मिशन के सामूहिक ज्ञान भंडार से लाभान्वित हो, पर आधारित है। यह कार्यक्रम समयबद्ध और परिणाम-संचालित है। जो शहरी अपशिष्ट प्रबंधन क्षेत्र में सबसे बड़ा संरचित मेंटरशिप ढांचा प्रदान करती है। इसी 26 अगस्त को मंत्रालय ने पहल के दिशानिर्देश जारी किए थे, जिसमें संरक्षक और प्रशिक्षित शहरों की जोड़ी बनाई गई। इस पहल के 100-दिवसीय चरण के दौरान, जोड़ीबद्ध शहर अनुभव साझा करेंगे, ज्ञान हस्तांतरण करेंगे और सहयोगात्मक कार्य योजनाएं विकसित करेंगे। मंत्रालय ने बताया कि इस पहल का प्रभाव और प्रगति 2026 में होने वाले स्वछ सर्वेक्षण के परिणामों में देखा जाएगा। कार्यक्रम में आवास एवं शहरी मामलों के रायमंत्री तोखन साहू, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, विभिन्न रायों के शहरी विकास मंत्री, महापौर और सचिव एस. कटिकिथला उपस्थित रहे।







CMYK

## संपादक की कलम से....

# नवीन सोच, नया राजस्थानः बाल विवाह दर में ऐतिहासिक गिरावट



रेखा गौड संपादक
दैनिक नवश्रेय टाइम्स

राजस्थान लंबे समय से बाल विवाह की कुरीति के लिए जाना जाता रहा है। सामाजिक परंपराओं और ग्रामीण जीवनशैली के कारण यहाँ बालिकाओं की शादी उनकी बाल्यावस्था में ही कर दी जाती थी। बाल विवाह केवल बच्चों के अधिकारों का हनन नहीं करता, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और संपूर्ण सामाजिक विकास को भी प्रभावित करता है।

ऐसे में यह अत्यंत उत्साहजनक है कि हालिया रिपोर्टों में राजस्थान में बाल विवाह की दर में ऐतिहासिक गिरावट दर्ज हुई है। 2022 से 2024 के बीच लड़कों में 67% और लड़कियों में 66% की कमी देखने को मिली। यह उपलब्धि संयोग नहीं, बल्कि लंबे समय से चल रही योजनाओं और जागरूकता अभियानों का परिणाम है। राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही शिक्षा और महिला सशक्तिकरण की योजनाओं ने इस दिशा में ठोस प्रभाव डाला है। पंचायत स्तर पर निगरानी, स्कूलों में शिक्षा को प्रोत्साहन, और समुदायों में सामाजिक संवाद ने इस बदलाव को संभव बनाया है। बाल विवाह मुक्त राजस्थान अभियान ने समाज में इस दिशा में चेतना और सहयोग का संदेश फैलाया है।हालांकि, चुनौतियाँ अब भी विद्यमान हैं।

ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में गरीबी, अशिक्षा और परंपरागत सोच बाल विवाह को बढ़ावा देती है। कई बार परिवार आर्थिक या सामाजिक दबाव के चलते बालिकाओं की शादी जल्दी कर देते हैं। इसके अलावा, स्वास्थ्य, वेलनेस और सुरक्षा जैसी चिंताएँ भी महिलाओं को प्रभावित करती हैं। इन चुनौतियों से निपटना केवल सरकारी नीतियों से संभव नहीं है; समाज की मानसिकता में बदलाव भी उतना ही आवश्यक है। राजस्थान की यह उपलब्धि पूरे देश के लिए प्रेरक मॉडल है।

यह दिखाती है कि शिक्षा, जागरूकता और कानूनी संरक्षण के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों को बदलना संभव है। भविष्य में इसे स्थायी बनाने के लिए आवश्यक है कि रोजगार और महिला सशक्तिकरण की योजनाओं को और मजबूत किया जाए, बाल विवाह के खिलाफ कानूनी प्रवर्तन को कड़ा किया जाए और समुदाय स्तर पर सक्रिय निगरानी जारी रखी जाए। बाल विवाह मुक्त राजस्थान न केवल बालिकाओं के जीवन को सुरक्षित और उवल बनाएगा, बल्कि राज्य के समग्र विकास और महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी मील का पत्थर साबित होगा। यह मॉडल पूरे भारत के लिए एक सकारात्मक संदेश है कि सामाजिक परिवर्तन कठिन जरूर है, लेकिन असंभव नहीं।

## परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम -

# शिल्पकार प्रदर्शनी में राजस्थान की कला का जादू

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर





राजस्थान की लुप्त होती पारंपरिक कला शैलियों को पुनर्जीवित और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी शिल्पकार - ए ग्रुप ऑफ मास्टर आर्टिज़न्स जयपुर के जेएलएन मार्ग स्थित जवाहर कला केंद्र (जे.के.के.) की सुखृति गैलरी में दर्शकों को अपनी अनूठी कलाकृतियों से मंत्रमुग्ध कर रही है। यह प्रदर्शनी प्राचीन परंपराओं की आत्मा को संजोते हुए आधुनिक भारत की रचनात्मकता और नवाचार का अद्भुत संगम प्रस्तुत कर रही है। इसी कड़ी में जयपुर की प्रसिद्ध ब्लू पॉटरी ने अपनी नाजुकता और नवीनता से दर्शकों को चकित किया। क्वार्ट्ज पाउडर से बनी इस कला का मूल पदार्थ बिल्कुल बाजरे के आटे की तरह बारीक होता है, जिससे इसे तैयार करना और उस पर चित्रकारी करना बेहद जटिल है। परंपरागत रूप से ब्लू पॉटरी में मोटे फूल-पत्तों और ज्योमैट्रिकल डिज़ाइन बनाए जाते रहे हैं, लेकिन इस प्रदर्शनी में शिल्पगुरु गोपाल सैनी ने इसमें मिनिएचर पेंटिंग को शामिल कर एक साहसिक प्रयोग किया है। प्रकृति से प्रेरित होकर उन्होंने पशु-पक्षी, वृक्ष, कमल और अजंता के अलंकरण को जीवंत रूप देने का प्रयास किया है। यह नवाचार ब्लू पॉटरी को नई दिशा प्रदान कर रहा है और इस पारंपरिक कला को समकालीन सौंदर्यबोध के साथ जोड़ने का अद्भुत प्रयास है। कलाकार मुकेश मीनाकर की बनाई मीनाकारी तबला जोड़ी ने भी सभी का ध्यान खींचा। चाँदी पर बारीक नक्काशी और रंगीन मीनाकारी से सजी इस कलाकृति को कलाकार ने आठ खंडों में विभाजित किया है। इनमें चार काले-सफेद खंड कठिन समय का प्रतीक हैं, जबकि चार रंगीन खंड खुशहाली और अच्छे समय को दर्शाते हैं। दर्शकों ने इसे जीवन के उतार-चढ़ाव का अद्भुत कलात्मक रूप बताया। पारंपरिक फड़ चित्रकारी ने भी दर्शकों का दिल जीता। इस शैली में चित्रों के माध्यम से कहानियाँ जीवंत होती हैं। पहले जहाँ फड़ चित्रों में राजस्थान के लोक नायकों की गाथाएँ उकेरी जाती थीं, वहीं अब समय के साथ रामायण, महाभारत, भगवद्गीता और ऐतिहासिक प्रसंगों को भी इसमें शामिल किया जा रहा है। प्रदर्शनी में कलाकार प्रकाश जोशी ने जीवनदायिनी और मोक्षदायिनी देव नदी गंगा को स्वर्णिम आभा में अलंकृत किया है। उनकी कृति में गंगा को हिमालय से भागीरथी के रूप में अवतरित होते, अलकनंदा और मंदाकिनी के संगम से धरती पर प्रवाहित होते हुए चित्रित किया गया है। बैकग्राउंड में देवनागरी लिपि में अंकित गंगा स्तुति इस रचना को और भी आकर्षक बनाती है। प्रदर्शनी में मंगल कलश एक विशेष आकर्षण का केंद्र बन रहा है जो कुम्भकारों की यह सर्वप्रथम कलाकृति न केवल हिंदू धर्म में कलश के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को दर्शाती है, बल्कि इसे आधुनिक स्वरूप भी प्रदान करती है। कलाकार ईश्वर सिंह द्वारा निर्मित यह कलश रामगढ़ की प्रसिद्ध जालीदार कारीगरी से सजा हुआ है और एक खूबसूरत लैंप के रूप में भी देखा जा सकता है, जो परंपरा और नवाचार के सुंदर मेल को दर्शाता है। आज प्रदर्शनी में आने वाले गणमान्य अतिथियों में जयपुर ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर, ओबीसी मोर्चा जयपुर जिला अध्यक्ष चेतन कुमावत, इनफ्लुएंसर धोली मीणा, क्राफ्ट काउंसिल ऑफ वीवर्स एंड आर्टीजन्स के डायरेक्टर बृज बल्लभ और विनोद जोशी शामिल रहे, उन्होंने कलाकारों की प्रतिभा और उनके नवाचार की सराहना की।

## न्यूज़ ब्रीफ

### टीकाकरण से वंचित बच्चों का टीकाकरण कल




■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

जिले में टीकाकरण से वंचित बच्चों को सोमवार को टीकाकृत किया जाएगा। गौरतलब है कि गत 17 व 18 सितम्बर को विद्यालयों में टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण किया गया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (द्वितीय) डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि टीकाकरण से वंचित बच्चों के लिए गत 17 व 18 सितम्बर को दो दिन विद्यालयों में बच्चों का टीकाकरण किया गया था। इसी कड़ी में आगामी सोमवार को हाईरिस्क एरिया में बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा। इसमे अधिकाधिक वंचित बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है।उन्होंने बताया कि बच्चों का सम्पूर्ण टीकाकरण उन्हें आजीवन कई बीमारियों से बचाकर रखता है। ये टीके बच्चों को 11 बीमारियों यथा पोलियो, निमोनिया, टीबी, टिटनेस, हेपेटाइटिस बी, मेनिनजाइटिस, गलघोंटू, खसरा, रूबेला, काली खांसी, रोटा वायरस दस्त जैसी बीमारियों से सुरक्षित रखते हैं। सोमवार को जिले के अधिक से अधिक वंचित बच्चों का टीकाकरण कर पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में एंट्री करवाई जाएगी।

### पिंकसिटी प्रेस क्लब की साधारण सभा 30 सितम्बर को

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

पिंकसिटी प्रेस क्लब लिमिटेड जयपुर की वार्षिक साधारण सभा की बैठक क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा की अध्यक्षता में 30 सितम्बर 2025 को रजिस्टर्ड कार्यालय 54 नारायण सिंह सर्किल जयपुर में प्रातः 11.30 बजे आयोजित की जाएगी। महासचिव मुकेश चौधरी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय लेखा-जोखा, बैलेन्स सीट एवं ऑडिट रिपोर्ट को पारित किया जाएगा। साथ ही क्लब के आगामी वित्तीय वर्ष के लिए अंकेक्षक और कम्पनी सचिव की नियुक्ति की जाएगी। बैठक में क्लब के साधारण सदस्य भाग लेंगे।

### रामलीला महोत्सवःराम-केवट संवाद–दशरथ मरण और भरत आगमन सहित विविध प्रसंगों का हुआ मंचन



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

श्री सनातन धर्म महोत्सव समिति की ओर से न्यू गेट स्थित रामलीला मैदान पर समिति के संरक्षक अलबेली माधुरी शरण महाराज, मार्गदर्शक भगवती प्रसाद चौधरी, प्रवीण बड़े भैया के सान्निध्य में हो रही रामलीला में शनिवार को राम-केवट संवाद, दशरथ मरण और भरत आगमन सहित विविध प्रसंगों का मंचन किया गया।मथुरा के श्री सर्वेश्वर राम कृष्ण लीला मंडल के निर्देशक सत्यदेव सर्वेश्वर चतुर्वेदी के निर्देशन में चालीस से अधिक कलाकारों ने अभिनय की छाप छोड़ी। प्रारंभ में श्री सनातन धर्म महोत्सव समिति के अध्यक्ष नवनीत मित्तल, उपाध्यक्ष ज्योति खंडेलवाल, मोहन लाल अग्रवाल, चंद्र प्रकाश राणा, अजय यादव, महामंत्री हरीश शर्मा, कोषाध्यक्ष पूनम बंसल एवं अन्य ने भगवान राम-सीता की आरती उतारी। प्रसंगानुसार जब राम, लक्ष्मण, सीता, सुमंत सहित नदी के तट पर पहुंचते हैं। तब राम जी केवट से कहते हैं कि हे केवट हमें गंगा पार जाना है आप अपनी नाव से हमें गंगा पार उतार दो। इस दौरान मांगी नाव न केवटु आना कहइ तुम्हार मरमु मैं जाना, चरन कमल रज कहुं सबु कहई। मानुष करनि मूरि कछु अहई लोग कहते हैं कि तुम्हारे चरण कमलों की धूल ऐसी जड़ी-बूटी है जो पत्थर को भी मनुष्य बना सकती है। केवट का अपनी नाव के बारे में भय प्रकट करते हैं। छुअत सिला भइ नारि सुहाई। पाहन तें न काठ कठिनाई, तरनिउ मुनि घरिनी होइ जाई। बाट परइ मोरि नाव उड़ाई.. तुम्हारे छूते ही पत्थर की शिला सुंदरी स्त्री हो गई। (मेरी नाव तो काठ की है, उसमें क्या कहा जाए)। काठ पत्थर से कठोर तो होता नहीं। कहीं मेरी नाव भी मुनि की स्त्री होकर उड़ न जाए (अथवा रास्ता रुक जाए), जिससे मैं लुट जाऊंगा। केवट राम से चरण धोने की विनती इस प्रकार करते हैं। एहिं प्रतिपालउं सबु परिवारू। नहिं जानउं कछु अउर कबारूजौं प्रभु पार अवसि गा चहहू। मोहि पद पदुम पखारन कहहू। मीडिया समन्वयक गुंजन वशिष्ठ ने बताया कि रविवार को सीताहरण और शबरी मिलन की कथा होगी।

# डांडिया नाइट में गरबे की धुन पर थिरके स्टूडेंट्स





■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

जेके लक्ष्मीपत विश्वविद्यालय में डांडिया नाइट 2025 का भव्य आयोजन किया गया। हाल ही में गठित काउंसिल ऑफ कल्चरल अफेयर्स के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में पारंपरिक नृत्य, संगीत और सामुदायिक उत्सव का भव्य संगम हुआ। आयोजन में भव्य पंडाल, जीवंत संगीत, प्रोफेशनल साउंड और लाइटिंग बीच गरबे की धून पर स्टूडेंट्स जमकर थिरके। ऑफिस ऑफ स्टूडेंट अफेयर्स इंचार्ज दीपक सोगानी ने बताया कि डांडिया नाइट केवल एक सांस्कृतिक संध्या नहीं,ऑफिस ऑफ स्टूडेंट अफेयर्स इंचार्ज दीपक सोगानी ने बताया कि डांडिया नाइट केवल एक सांस्कृतिक संध्या नहीं, बल्कि जेकेएलयू में परंपरा, सामुदायिकता और आनंद का उत्सव है।

छात्रों की उत्साही भागीदारी और काउंसिल ऑफ कल्चरल अफेयर्स की मेहनत से यह आयोजन भव्य और यादगार रहा कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण में पारंपरिक गरबा और डांडिया नृत्य, छात्र-छात्राओं के विशेष प्रस्तुतियाँ तथा सामूहिक सांस्कृतिक उत्सव शामिल हुए। आयोजन की ज़िम्मेदारी जनरल सेक्रेटरी कल्चरल अफेयर्स दिव्या कृष्णानी, सेक्रेटरी कल्चरल अफेयर्स ऋषिका सिंह, कोऑर्डिनेटर्स आध्या मित्तल एवं अंकिता चौधरी ने किया।

## जयपुर में माता के जगराते का भव्य आयोजन



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

पत्रकार कॉलोनी स्थित द फैमिली शॉप के संस्थापक अरुण कुमार सिंह एवं अमित खंडेलवाल ने माता के जगराते का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर भक्तों ने माता की भक्ति में डूबकर गीतों और आरतियों का आयोजन किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया और माता की कृपा और आशीर्वाद की कामना की। इस दौरान विशेष पूजा-अर्चना और हवन का आयोजन किया गया। अरुण कुमार सिंह एवं अमित खंडेलवाल ने बताया कि माता के जगराते का आयोजन भक्ति और आध्यात्मिक भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। इस तरह के आयोजन से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और एकता की भावना को बढ़ावा मिलता है।माता के जगराते का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और माता की भक्ति में डूबकर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया।

## ग्रैफ़ाइट सेरामिक्स ने राजस्थान में अपनी पहली गैलरी का किया अनावरण



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

सिरेमिक टाईल ईन्डस्ट्री में अग्रणी, ग्रैफ़ाइट सिरेमिक्स ने रविवार को जयपुर राजस्थान में अपनी छठी ग्रैफ़ाइट गैलरी का उद्घाटन करने जा रहा है। यह गैलरी ड्रीम सिरेमिक्स शोरूम नंबर 5 पंडित पैराडाइज, गोपालपुरा बाईपास तेजे सर्कल में लोकेटेड है। यह ग्रांड ओपनिंग भारत के सबसे गतिशील और तेज़ी से बढ़ते रियल एस्टेट हब्स में से एक में प्रीमियम सिरेमिक सोल्युशन्स प्रदान करने के ग्रैफ़ाइट के मिशन में एक महत्वपूर्ण क्षण है। ग्रैफ़ाइट सिरेमिक्स के चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर, एआर रवि पटेल खुद एक प्रतिभाशाली आर्किटेक्ट और इंटीरियर डिज़ाइनर हैं। यह विशेषज्ञता के बलबूते पर ग्रैफ़ाइट सिरेमिक्स अपने ग्राहकों को उनकी पसंद के अनुसार सर्वोत्तम प्रोडक्ट डिलीवर करने में एलिजिबल बनाती है। ग्रैफ़ाइट सेरामिक्स के चीफ मैनेजिंग डायरेक्टर रवि पटेल न केवल एक डायनामिक लीडर हैं, बल्कि एक प्रतिभाशाली आर्किटेक्ट और इंटीरियर डिज़ाइनर भी हैं। एक क्रिएटिव प्रोफेशनल से एक सफल उद्योगपति बनने का उनका सफ़र दूरदर्शिता और समर्पण, दोनों को दर्शाता है। सही टाइलों के चयन और लेआउट की कोम्बिनेशन प्लानिंग बनाने से लेकर ग्राहकों के साथ जुड़ने तक, कई प्रोजेक्ट्स में खुद काम करने के बाद, उन्होंने हमेशा ऐसे रिझल्ट्स डिलीवर किए हैं जो गुणवत्ता और नवीनता की गवाही देते हैं। डिजाइन ट्रेंड्स पर गहरी नज़र और ईवोल्विंग फ्लोर और वोल टाइलिंग की ज़रूरतों की गहरी समझ के साथ, रवि पटेल ने लगातार नए और स्टाइलिश सोल्युशन्स पेश किए हैं। उनके नेतृत्व में, ग्रैफ़ाइट सेरामिक्स ऐसे प्रोडक्ट्स को आकार दे रहा है जो क्राफ्टमेनशिप को ग्राहकों की पसंद के साथ मिलाते हैं, और टाइल डिजाइन और निर्माण में बेस्ट आउटकम प्रदान करता हैं।

16 एसोसिएशनों के समर्थन से पर्यटन जगत के साझा प्रयासों को मिला नया आयाम

## विश्व पर्यटन दिवस : 'तीसरी राजस्थान हॉस्पिटैलिटी एवं टूरिज्म स्टेकहोल्डर्स मीट 2025'का आयोजन

■ टूर ऑपरेटर्स, इवेंट मैनेजर्स और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को मिला नेटवर्किंग और विस्तार का साझा मंच

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर







एसोसिएशन ऑफ डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स ऑफ इंडिया (एडीटीओआई) के राजस्थान चैप्टर द्वारा विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर जयपुर स्थित होटल भंवर सिंह पैलेस में तीसरी राजस्थान हॉस्पिटैलिटी एवं टूरिज़्म स्टेकहोल्डर्स मीट 2025 का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडीटीओआई के राजस्थान चैप्टर के सेक्रेटरी वीरेंद्र शेखावत, एडवाइजर तथा पूर्व चेयरमैन महेंद्र सिंह, चेयरमैन हेम सिंह, ट्रैज़रर सुरेंद्र सिंह सहित राजस्थान के पर्यटन उद्योग से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधि एक मंच पर एकत्र हुए। इस मीट का मुख्य उद्देश्य पर्यटन क्षेत्र के विभिन्न हितधारकों होटल व्यवसायी, टूर ऑपरेटर्स, गाइड्स, ट्रांसपोर्टर्स, भारत सरकार का पर्यटन मंत्रालय और राजस्थान पर्यटन विभाग को एक साझा मंच प्रदान करना था ताकि सामूहिक प्रयासों से पर्यटकों की संख्या बढ़े और प्रदेश को अधिकतम राजस्व प्राप्त हो। इस अवसर पर बात करते हुए एडीटीओआई के राजस्थान चैप्टर के सेक्रेटरी वीरेंद्र शेखावत ने कहा, एडीटीओआई ने हमेशा राजस्थान पर्यटन के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है। इसने हेरिटेज, एडवेंचर, वाइल्ड लाइफ, हेल्थ केयर, लीजर, ईको-रूरल, ग्रीन टूरिज्म, माइस सेक्टर, पिलग्रिमेज, गोल्फ टूरिज़्म, वेडिंग्स और इवेंट मैनेजमेंट जैसे विविध क्षेत्रों को सशक्त किया है। इस मीट ने टूर ऑपरेटर्स, इवेंट मैनेजर्स, हॉलिडे प्लानर्स और माइस सेक्टर आयोजकों को नेटवर्किंग और व्यवसाय विस्तार का एक अनूठा अवसर प्रदान किया।

## गोविंद देवजी मंदिर में पंच कुंडीय दुर्गा गायत्री महायज्ञ आज

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में रविवार को सुबह आठ से दस बजे तक मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में ठाकुर श्री राधा गोविंद देवजी, देवमाता गायत्री, मां दुर्गा और गुरु सत्ता के षोडशोपचार पूजन के बाद पंच कुंडीय दुर्गा गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को इसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। शारीरिक, आर्थिक, मानसिक सहित किसी भी तरह की अशक्ति को दूर कर शक्ति अर्जन के लिए दुर्गा गायत्री महामंत्र गिरिजायै विद्महे शिवप्रियाय च धीमहि तन्नो दुर्गा प्रचोदयात् के साथ आहुतियां प्रदान की जाएंगी। गोविंद देवजी मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि यज्ञ निशुल्क है। सभी आवश्यक सामग्री निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। यज्ञ का संचालन गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी की टोली संपन्न कराएगी। जो लोग घरों पर गायत्री मंत्र या अन्य मंत्र का जाप कर रहे हैं वे दशांश हवन के रूप में यहां आहुतियां दे सकेंगे। शारदीय नवरात्र शक्ति साधना के लिए होते हैं। सभी श्रद्धालुओं को गायत्री चालीसा और सत्संकल्प पत्रक निशुल्क प्रदान किया जाएगा।

# डांडिया-ए-शान उत्सव में सैकड़ों महिलाओं ने पारंपरिक गरबा और डांडिया रास की दी प्रस्तुति

■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर





सुपर एंजिल्स क्लब की ओर से विष्णु पैलेस गार्डन निर्माण नगर में डांडिया-ए-शान उत्सव आयोजित किया गया। इस दौरान क्लब की फाउंडर्स मधु अग्रवाल और राधा श्रीवास्तव ने बताया की सुपर एंजिल्स क्लब की लगभग सैकड़ों महिलाओं ने नवरात्रि के अवसर पर पारंपरिक गरबा और डांडिया रास की प्रस्तुति सभी ने एकजुट होकर जमकर गुजराती, राजस्थानी एवं बॉलीवुड गीतों पर जमकर डांडिया खनकाये एवं हर्षोल्लास के साथ आनंद लिया। महिलाओं ने पारम्परिक गुजराती एवम राजस्थानी रंग-बिरंगे परिधानों के साथ माता रानी की भक्ति में लीन होकर माँ दुर्गा की मनभावन भावपूर्ण नृत्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी।

इस कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रवलन व आकर्षक महाआरती प्रस्तुती द्वारा की गयी। कार्यक्रम में मनमोहक शक्ति विनायक वंदना वैशाली राठौर स्टूडेंट ऑफ़ भावकला नृत्य अकेडमी, महिषासुर मर्दानी नवदुर्गा नृत्य छोटी कन्याओं सिमरन नृत्यकला संसथान द्वारा किया गया। लेटस मूव क्लासेज के द्वारा कार्यक्रम में आयी हुई सभी महिलाओं को बहुत ही शानदार स्टेप्स पर डांडिया नृत्य कराया गया। इसी अवसर पर विजेताओं का निर्णय मिस सिमरन अग्रवाल द्वारा दिया गया, बेस्ट डांडिया क्वीन, बेस्ट गरबा क्वीन, बेस्ट कपल, बेस्ट ड्रेसअप, बेस्ट किड्स, बेस्ट ज्वेलरी एवं सभी विजेताओं को उपहार कल्याण ज्वेलर्स द्वारा प्रदान किया गया। साथ में वसंत जैन वैराठी एवं टेम्प्टेंटशन केक हाउस द्वारा सभी को ट्रॉफी प्रदान की गयी। इस कार्यक्र्म की एंकरिंग सूर्या द्वारा बड़े ही मनोरंजक माहौल में नये नये गीतों पर सभी सदस्यो से जुम्बा नृत्य करवाते हुए की।

## गाड़ीमेक को मिली प्री सीड फंडिंग एजवीसी कंपनी से



■ नवश्रेय टाईम्स़ , जयपुर

ऑटोमोबाइल सर्विसिंग स्टार्टअप गाड़ीमेक ने प्री-सीड फंडिंग हासिल कर एक नया मुकाम हासिल किया है। कंपनी ने एजेवीसी और अविरल भटनागर से फंडिंग प्राप्त की है। गाड़ीमेक के फाउंडर्स, सर्वेश काबरा और सुरक्षित सोनी ने 2024 में इस स्टार्टअप की शुरुआत की। जिसका उद्देश्य कार मालिकों की समस्याओं का समाधान करना है, जैसे कि कार सर्विसिंग में लगने वाला लंबा समय,छुपे हुए अनकहे खर्चे और क्वालिटी संबंधी विश्वास की कमी।गाड़ीमेक ने 90 मिनट एक्सप्रेस सर्विस लॉन्च की है। जिसे ग्राहकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। फाउंडर्स का लक्ष्य है कि भारत में कार सर्विसिंग को भरोसेमंद और सुविधाजनक अनुभव में बदला जाए।

गाड़ीमेक अब तक जयपुर,जोधपुर और उदयपुर में सफलतापूर्वक अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है और आने वाले समय में देशभर में विस्तार की योजना बना रहा है।राजस्थान में पहली बार आम लोगों और यात्रियों को लंबे जाम से मुक्ति दिलाने और सही समय पर पहुँचने के लिए यातायात का काम कर रही है ।

## भाजपा 25 दिसंबर तक चलाएगी आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान, स्वदेशी अपनाने के लिए किया जाएगा प्रोत्साहित : डॉ. भोला सिंह

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री, सांसद एवं आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के प्रदेश प्रभारी डॉ भोला सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरंतर देश में आत्मनिर्भरता की आवश्यकता को बढ़ावा दे रहे है। आत्मनिर्भरता का आह्वान देशभर में विभिन्न आयामों में गूंज रहा है, फिर चाहे वो भारतीय पर्यटन स्थलों के भ्रमण का मामला हो या स्वदेशी उत्पादों के उपयोग के लिए वोकल फॉर लोकल का आह्वान हो। भारतीय जनता पार्टी आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के माध्यम से देश के हर नागरिक तक पहुंचेगी और स्वदेश अपनाने का आह्वान करेंगी। इसके लिए 25 सितंबर पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती से 25 दिसंबर श्रद्धेय अटल जी की जयंती तक इस अभियान को चलाएगी।सांसद डॉ भोला सिंह ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के पहले चरण के तहत अक्टूबर माह में भाजपा सभी जिलों में तथा दूसरे चरण में नवंबर, दिसंबर में सभी मंडलों में जागरूकता अभियान चलाएगी। इसमें संबंधित सामाजिक एवं व्यावसायिक संगठनों तथा हितधारकों के साथ सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान व्यापारी सम्मेलन, उद्योग सम्मेलन, प्रभात फेरी, मशाल यात्रा, नुक्कड नाटक, मेला, किसान मार्च जैसे आयोजन किए जाएंगे। इसमें भारतीय उत्पादों के उपयोग और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने पर जोर दिया जाएगा। डॉ. भोला सिंह ने आह्वान किया कि हम सभी स्वदेशी अपनाएं, विदेशी से दूरी बनाएं। इस अभियान को हमें हर घर की रसोई से शुरू करना चाहिए। रसोई के उत्पादों में स्वदेशी उत्पाद और भारत में निर्मित उत्पाद के उपयोग को बढ़ावा देना चाहिए।अभियान के प्रदेश संयोजक एवं सांसद दामोदर अग्रवाल ने बताया कि अभियान के सफल आयोजन के लिए प्रदेश की कार्यशाला शनिवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित की गई। इसके बाद जिला स्तर पर कार्यशाला होगी। इस अभियान के तहत सभी जिलों में आत्मनिर्भर भारत संकल्प रथ यात्रा निकाली जाएगी। आत्मनिर्भर भारत विषय पर सेमिनार, स्कूल–कॉलेजों में निबंध, कविता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। दीपावली पर्व के समय लोगों को स्वदेशी उत्पाद खरीदने एवं दुकानदारों को स्वदेशी उत्पाद बेचने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा। विदेशी लाइटिंग उत्पादों की जगह दीयों के उपयोग को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जाएगा।

**रासी सीड्स और स्टार एग्री कंपनी के बीज की बिक्री पर लगाई रोक**

# कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने किया बीज कंपनियों की गड़बड़ियों का भंडाफोड़

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर





कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने एक बार फिर बीज कंपनियों की पोल खोल दी है। खरीफ सीजन की तरह रबी सीजन में भी किसानों तक घटिया और अमानक बीज न पहुँचे। इसके लिए मंत्री ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में शनिवार को हनुमानगढ़ जिले की संगरिया तहसील के नगराना गांव स्थित स्टार एग्री सीड्स प्राइवेट लिमिटेड पर अचानक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण में गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। गेहूं बीज पैकिंग के बैग पर तमिलनाडु का पता लिखा हुआ था, जबकि पूरा उत्पादन और पैकेजिंग संगरिया क्षेत्र में ही हो रही थी। यही नहीं, सरसों के बीज पर खतरनाक केमिकल का इस्तेमाल किया जा रहा था। कंपनी से संतोषजनक जवाब न मिलने पर मंत्री ने 10 हजार क्विंटल सरसों और 34 हजार क्विंटल गेहूं बीज की बिक्री पर तत्काल रोक लगा दी। यही नहीं 1 लाख से ज्यादा गेहूं के बैग सीज कर सैंपलिंग भी की गई। कृषि मंत्री ने कंपनी के सभी बीजों की बिक्री पर आगामी आदेश तक प्रतिबंध लगा दिया है। बीज नियम 1968 एवं इसकी धारा 7,9,10 के तहत कार्रवाई की गई है। जांच के बाद और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**'रासी सीड्स का घपला भी बेनकाब'** छापेमारी में रासी सीड्स कंपनी की गड़बड़ी भी उजागर हुई। कंपनी हनुमानगढ़ में बीज का प्रोडक्शन, मैन्युफैक्चरिंग और पैकेजिंग कर रही थी, लेकिन बैग पर पता तमिलनाडु के कोयंबटूर का छापा जा रहा था। इसे कृषि मंत्री ने बड़ी धोखाधड़ी करार दिया।

**'स्टार एग्री को जमा करवाने होंगे ये दस्तावेज'** कृषि मंत्री ने कंपनी से कई अहम दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं, जिनमें फर्म का अनुज्ञा पत्र और पंजीकरण प्रमाण पत्र,सभी फसलों के किस्मवार जेनेटिक सोर्स डॉक्यूमेंट,आरएंडडी भूमि से संबंधित दस्तावेज,सभी किस्म की जीओटी टेस्ट रिपोर्ट खरीफ 2025 तक किसानों के खेतों पर हुए बीज उत्पादन की सूची,,किसानों को उपलब्ध कराए गए फाउंडेशन बीज और उसकी रसीद आदि शामिल हैं।

## पड़ोसी के 17 लाख रुपए चुराने के बाद किराएदार परिवार सहित फरार

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

बिंदायका थाना इलाके में शातिर युवक ने पड़ोसी के यहा से लाखों रुपए चुराए और परिवार सहित फरार हो गया। पीड़ित को घर में नकदी चोरी होने की जानकारी मिलते ही उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। तभी पड़ोसी के मकान पर ताला लगा देख पीड़ित ने चोरी का शक जाहिर किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसका पीछा करते हुए लखनऊ की चलती बस में उसे दबोच लिया। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी से चोरी के 17 लाख रुपए बरामद कर लिए। डीसीपी (वेस्ट) हनुमान प्रसाद ने बताया कि थाना इलाके में स्थित सिवार मोड़ पर राजेंद्र सिंह उर्फ पप्पू सिंह 44 नत्थू सिंह मंडावा झुंझुनू निवासी अपने परिवार के साथ रहता है। 16 सितम्बर को पड़ोसी आनंदी लाल बैंक से 17 लाख रुपए निकालकर लाया था। रुपयों को एक थैली में बांधने के बाद उसे कमरे में रखे दिए। जिसकी जानकारी आरोपी राजेंद्र को लग गई। राजेंद्र ने नकदी चुराई और परिवार सहित फरार हो गया। पीड़ित ने 23 सितम्बर को नकदी संभाली तो गायब मिली। तभी आनंदी लाल को किराएदार राजेंद्र सिंह के परिवार सहित गायब होने का पता चला। जिसके बाद पीड़ित ने राजेंद्र पर चोरी का शक जाहिर करते हुए मामला दर्ज कराया। शिकायत के बाद पुलिस ने साइबर सेल की मदद से राजेंद्र की तलाश शुरु की।

## पांच लाख रुपए लूट की वारदात करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच लाख रुपए लूट की वारदात करने वाले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। वारदात को योजना बंद तरीके से अंजाम दिया गया था। बदमाशों ने गाड़ी बेचने के बहाने पीड़ित से रुपए मंगवाए थे। इसके बाद रुपए लेकर भाग गए थे। पुलिस से बचने के लिए खुद की गाड़ी को छोड़ दिया था। फिर रिश्तेदार की गाड़ी को लेकर भागे थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि मुरलीपुरा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच लाख रुपए लूट की वारदात करने वाले करण सिंह चौहान (19) निवासी अलवर हाल करधनी जयपुर, कालू सैनी उर्फ जीतू सैनी (23) निवासी करधनी जयपुर, विवेक व्यास (22) निवासी अलवर हाल हरमाड़ा जयपुर और अमन सिकरवाल(19) करधनी जयपुर को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पीड़ित संजय बिश्नोई ने 27 सितंबर को मामला दर्ज करवाया था कि 3 दिन पहले श्रवण नाम के व्यक्ति से गाड़ी के सौदे के संबंध में बात हुई थी। बदमाशों ने उसे गाड़ी खरीदने के लिए सन एंड मून मॉल बुलाया था। बदमाशों ने उसे अपनी कार में बिठाया और रुपए दिखाने को कहा।बदमाशों ने रुपए देखते ही उससे मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद उसे कार से उतारकर भाग भाग गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर अपनी टीम रवाना की। घटना में प्रयुक्त वाहन और कार मालिक को तलाश किया। मालिक से पता चला कि कार को कालू और कर्ण सिंह किराए पर लेकर गए थे और वापस देकर गए है। जांच में पता चला कि बदमाश एक स्कॉर्पियो ले गए है। तकनीकी आधार पर गाड़ी अजमेर रोड पर होने का पता चला। इस पर अजमेर रोड के अलग-अलग थानों में कंट्रोल रूम से सूचना देकर नाकाबंदी में बदमाशों को पकड़ा। बदमाशों के पास से 4 लाख 56 हजार रुपए बरामद किए गए है। शेष 44 हजार आरोपी खर्च कर चुके थे।

## ऑटो रिक्शा चालकों से लूट करने वाली गैंग के चार बदमाश गिरफ्तार

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

रामनगरिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑटो रिक्शा चालकों से लूट करने वाली गैंग के चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लूटे गए 13 मोबाइल व नकदी भी बरामद किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि गैंग के बदमाश किराए पर ऑटो रिक्शा लेकर सवारी बनकर बैठ जाते थे और फिर सुनसान जगह पर ऑटो चालकों से मारपीट कर मोबाइल-नकदी लूटकर फरार हो जाते थे। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने मौज-मस्ती में लूट का माल उड़ाना कबूल किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि रामनगरिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑटोरिक्शा चालकों से लूट करने वाली गैंग के विनोद नायक (19) निवासी माधोराजपुरा दूदू, कुणाल नायक (19) निवासी गुरुग्राम (हरियाणा), गौतम नायक (19) निवासी सोहना गुरुग्राम (हरियाणा) और कन्हैया (19) निवासी बयाना (भरतपुर) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ऑटो रिक्शा चालकों से मारपीट कर छीने 13 मोबाइल व करीब 2 हजार रुपये की नकदी भी बरामद की है। इसके अलावा पुलिस ने गैंग कब्जे से रेकी व वारदात में प्रयुक्त बाइक को भी जब्त कर लिया है। गिरोह के सदस्यों ने जयपुर शहर के अलग-अलग जगहों पर ऑटो रिक्शा चालकों से लूट की कई वारदात करना स्वीकार किया है। लूट के माल को मौज-मस्ती में प्रयुक्त करना बताया है। पूछताछ में सामने आया है कि गैंग के बदमाश शहर में अलग-अलग जगह रात के समय बाइक से रेकी करते थे। ऑटो रिक्शा चालक को अकेला देखकर उसे किराए पर लेकर दो साथी ऑटो रिक्शा में बैठ जाते थे। उस ऑटो रिक्शा का अन्य दो साथी अपनी बाइक से पीछा करते थे। सुनसान जगह आते ही बाइक आगे लगाकर ऑटो रिक्शा को रोक लेते थे। ऑटो रिक्शा में सवार अपने साथियों के साथ मिलकर चालक के साथ जमकर मारपीट करते।

**विश्व पर्यटन दिवस पर पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों की रही एंट्री फ्री**

# विश्व पर्यटन दिवसः पर्यटक स्थलों पर सैलानियों का राजस्थानी ठाट-बाट से तिलक लगाकर और फूल-मालाओं से स्वागत

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर शनिवार को राजधानी के सभी पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों की निशुल्क एंट्री रही। वहीं निशुल्क प्रवेश होने के कारण पर्यटक भी बड़ी संख्या में पर्यटक स्थल देखने पहुंचे। इसके साथ यहां पर्यटकों का राजस्थानी परंपरा के मुताबिक तिलक लगाकर और माला पहना कर स्वागत किया गया। पर्यटन एवं पुरातत्व विभाग की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां राजधानी जयपुर के सभी स्मारकों पर लोक कलाकारों ने राजस्थानी संस्कृति की छटा बिखेरी। लोक कलाकारों के साथ देसी-विदेशी सैलानी भी झूमते नजर आए।विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर जहां सिटी के पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों की निशुल्क एंट्री रही। वहीं आमेर फोर्ट में स्थानीय लोक कलाकारों ने पारम्परिक नृत्य किया, जिसका पर्यटकों ने जमकर लुत्फ उठाया। पर्यटक भी कलाकारों के साथ नाचते हुए नजर आए। इसी प्रकार हवामहल में पर्यटकों को तिलक लगाकर और माला पहना कर स्वागत किया। हवामहल में भी सुबह से ही पर्यटकों का आना शुरू हो गया था। हवामहल के एंट्री गेट पर ढोल नगाड़ों और शहनाई के साथ पर्यटकों का स्वागत किया गया। अल्बर्ट हॉल और जंतर मंतर भी पर्यटकों का प्रवेश निशुल्क रहा और यहां पर भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे। पुरातत्व विभाग के निदेशक पंकज धरेंद्र के मुताबिक इस अवसर पर प्रदेश के सभी स्मारकों और संग्रहालयों में प्रवेश निःशुल्क रहा। यहां देसी-विदेशी सैलानियों का तिलक और माला पहनाकर स्वागत हुआ, जहां लोक कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया। राजधानी के आमेर महल, नाहरगढ़ फोर्ट, हवामहल, अल्बर्ट हॉल, जंतर मंतर पर कच्ची घोड़ी, शहनाई वादन, कालबेलिया और रावण हत्था वादन जैसे अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। कलाकारों के साथ देसी-विदेशी सैलानी भी झूमते दिखे और उन्होंने इन खूबसूरत पलों को अपने कैमरे में कैद किया। अल्बर्ट हॉल पर 'रसिकप्रिया चित्रावली' और हवा महल पर मिस्र से जुड़ी 'द मम्मी' पर प्रदर्शनी आयोजित की गई।

**'आमेर महल में शहनाई वादन, नगाड़ा वादन, कच्छी घोड़ी नृत्य जैसे कार्यक्रमों का आयोजन'** इधर आमेर महल अधीक्षक राकेश छोलक ने बताया कि पर्यटन विभाग की ओर से शहनाई वादन, नगाड़ा वादन, कच्छी घोड़ी नृत्य जैसे कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। जिसका पर्यटकों ने खूब लुत्फ उठाया। आमेर महल पहुंचे पर्यटकों ने महल की सुंदरता और संस्कृति की जमकर तारीफ की। विदेशी सैलानियों ने आमेर महल की सुंदरता और संस्कृति के साथ पूरे भारत देश की भी तारीफ की। सैलानियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों को अपने कैमरे में भी कैद किया। इस दौरान राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स की ओर से आमेर महल को करीब 6 व्हीलचेयर भी भेंट की गई।

**'पर्यटन विभाग और पर्यटन संगठनों ने चलाया स्वच्छता अभियान'** विश्व पर्यटन दिवस पर पर्यटन नगरी आमेर की सागर झील पर पर्यटन विभाग और पर्यटन संगठनों ने स्वच्छता अभियान चलाया। पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक राजेश शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के तहत यह अभियान चल रहा है। इसमें राटो, एफएचटीआर और गाइड एसोसिएशन आमेर जैसे पर्यटन संगठनों समेत आमजन भी शामिल हुए। होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान ने बताया कि उनके संरक्षक सुरेंद्र सिंह शाहपुरा के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया, जिसका उद्देश्य राजस्थान को स्वच्छता के मामले में भी विश्व स्तर पर पहचान दिलाना है. इस अवसर पर कई प्रमुख पर्यटन संगठनों के पदाधिकारी और आमजन उपस्थित रहे।

**डांडिया और गरबे के रंग में डूबे जयपुराइट्स**

## डांडिया नाइट्स सीजन 3.0 की हुई धमाकेदार शुरुआत



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



राजधानी जयपुर के गरबा और डांडिया प्रेमियों के लिए शनिवार से 200 बीघा बायपास, कालवाड़ रोड स्थित सियाराम मैरिज गार्डन में दो दिवसीय डांडिया नाइट्स सीजन 3.0 का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन को मोहित शर्मा और आरबी होम्स द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है तथा ओमजी सराफ ज्वेलर्स इसके प्रायोजक हैं।

इवेंट आयोजक मोहित शर्मा ने बताया कि यह डांडिया नाइट जयपुर वासियों के लिए एक यादगार अनुभव लेकर आई है, जिसमें मनोरंजन, संगीत और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। आज पहले ही दिन डांडिया की ताल और खनक से सजा यह कार्यक्रम जयपुर वासियों के लिए मनोरंजन और उत्सव का अनोखा संगम लेकर आया है।

जिसको हर एज ग्रुप के लोगों द्वारा पसंद किया जा रहा है। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि रविन्द्र सिंह भाटी (विधायक शिव), बालमुकुंद आचार्य (विधायक हवामहल) और मशहूर हरियाणवी सिंगर खासा आला चाहर ने अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय सनातन सेना भारत के राज्य संयोजक संदीप महाकाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवती प्रकाश शुक्ला, खाटू श्याम मंदिर पुजारी मानवेंद्र सिंह चौहान, हिंदू क्रांति सेना के प्रदेश महासचिव गजेंद्र सिंह स्याणी सहित कई गणमान्य हस्तियां मौजूद रहीं।

**गीता-गायत्री मंदिर में 1100 कन्याओं-बटुकों का पूजन**

## गलता गेट स्थित गीता गायत्री मंदिर में हुआ 11 सौ कन्याओं - बटुकों का पूजन

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



गलता गेट स्थित मंदिर श्री गीता गायत्री में शनिवार को पं. राजकुमार चतुर्वेदी के सानिध्य में करीब 1100 कन्याओं-बटुकों का पूजन कर भोजन कराया गया। मंदिर प्रवक्ता नीतीश चैतन्य चतुर्वेदी ने बताया कि पिछले तीन दशकों से आश्विन एवं शारदीय नवरात्रों में पंचमी को कन्या पूजन की परंपरा निभाई जा रही है। इस अवसर पर माता गीता गायत्री, सिद्धिदात्री एवं वैष्णो माता का पंचामृत तथा दिव्य औषधियों से अभिषेक किया गया। नूतन चुनरी ओढ़ाकर सुहाग की वस्तुएं अर्पित की गईं। फूल बंगले की झांकी सजाकर हलवे-चने का भोग लगाया गया। नौ देवियों के साक्षात स्वरूप की झांकियों के दर्शन कराए गए। प्रमुख संत-महंतों की उपस्थिति में महाआरती सम्पन्न हुई। आरती के बाद 1100 कन्याओं और बटुकों का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया तथा उपहार एवं भेंट प्रदान की गई।

**'ये संत-महंत रहे उपस्थित'** इस अवसर पर संत समाज अध्यक्ष महामंडलेश्वर सियाराम दास महाराज, घाट बालाजी के स्वामी सुदर्शनाचार्य महाराज, नहर के गणेश जी मंदिर के महंत जय कुमार शर्मा, युवाचार्य मानव कुमार, पंचमुखी हनुमान मंदिर के रामरज महाराज, मेहंदीपुर बालाजी मंदिर के प्रतिनिधि सुदीप तिवारी धर्मप्रचारक विजय शंकर पांडे, सहित अनेक संत-महंतों का सान्निध्य प्राप्त हुआ।

**खलकाणी माता के गदर्भ मेले में बादल घोड़ा व जोरावर बना आंखों का तारा**

## 50 लाख का जोरावर और बादल बने आंखों का तारा मेले में 800 से ज्यादा घोड़े-घोड़ी आए बिकने

- **यूपी, महाराष्ट्र, हरियाणा व पंजाब से आए खरीदार, भावगढ़ बंध्या में लग रहा है खलकानी माता का मेला**

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर





राजधानी जयपुर के भावगढ़ बंध्या में चल रहे आश्वनी शुक्ला छठ से लगने वाला चार दिवसीय श्री खलकाणी माता का मेला इस बार दो दिन पहले ही शुरू हो गया। मेले में इस बार पिछली बार की तुलना में ज्यादा घोड़े–घोड़ी व खच्चर आए है। पशु ज्यादा और खरीदार कम आने से मेला अभी मंदा है। मेला आज अपने चरम पर रहा। खरीदार कम होने से पशु पालकों को मन माफिक कीमत नहीं मिल रही है। राजस्थान के अलावा पंचाब, हरियाणा, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश से आए खरीदार मोलभाव कर रहे हैं। मेले में पहले दिन पांच हजार से दो लाख रुपए तक के 100 घोड़े-घोड़ी और बछेरों की बिक्री हुई।पशुपालक खलकाणी माता मानव सेवा संस्थान के संरक्षक ठा. उम्मेद सिंह राजावत ने बताया कि चार दिवसीय श्री खलकाणी माता के मेले का नगर निगम की ओर से आयोजन किया जाता है। मेले में अब तक करीब 800 से अधिक घोड़े-घोड़ी पहुंच चुके है। मेला शुरू होने से पहले ही खरीद फरोख्त शुरू हो गई है। संस्थान के अध्यक्ष भगवत सिंह राजावत ने बताया कि राजस्थान सहित गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश से सैकड़ों पशुपालक गधे, घोड़े और खच्चर आदि की खरीदने के लिए पहुंच गए हैं। शाम के समय बादल और जोरावर ने प्रदर्शन किया। जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हुई। लोगों में दोनों घोड़ों के साथ सेल्फी लेने की होड मची रही।

**'चाबुक नहीं आवाज से काबू होता है बादल'** मेले में सुमित जैन का 65 इंच हाइट का नकुरा बादल घोड़ा आकर्षण का केंद्र बना हुआ। उसे देख घोड़िया हिनहिनाने से अपने आप को रोक पाती। ट्रेनर शोकत अली ने बताया की बादल लगाम से नहीं आवाज से कंट्रोल होता है। इसकी कीमत करीब 51 लाख बताई जा रही है।

**'मेले में जोरावर का जोर'** जयपुर से घोड़े को मेला दिखाने आए राजेंद्र सिंह का मारवाड़ी ने बताया कि उनका अच्छी नस्ल का काला 64 इंच उंची हाइट का जोरावर नामक घोड़ा लोगों का चहेता बना रहा। इसका पिता काला किंग और मां सोरठ और दादा काला कांटा और नानी लक्ष्मी है। सिंह ने बताया कि घोड़ा बेचने के लिए नहीं ब्रिडिंग के लिए है।

# जवाहर कला केंद्र में बच्चों की वैश्विक संग्रहालय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन

■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर



जवाहर कला केंद्र की सुदर्शन आर्ट गैलरी 3 आज रंगों और रचनात्मकता से गूंज उठी जब भविष्य का समाज के डिजिटल बाल मेला के तहत आयोजित बच्चों की वैश्विक संग्रहालय चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। यह प्रदर्शनी डिजिटल बाल मेला और कला एवं संस्कृति विभाग, राजस्थान सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई है और पूरे सप्ताह दर्शकों के लिए खुली रहेगी।

उद्घाटन के बाद महिला अधिकारिता निदेशालय की अतिरिक्त निदेशक नीतू राजेश्वर ने कहा कि बच्चों को कला और संस्कृति से जोड़ना बेहद आवश्यक है और इस तरह की पहले उन्हें अपनी जड़ों से जोड़ने का एक सुंदर माध्यम बन सकती हैं। गैलरी में पचास से अधिक वैश्विक संग्रहालयों के मनमोहक चित्र प्रदर्शित किए गए हैं, जो विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने तैयार किए हैं।

साथ ही, बच्चों को गैलरी में आमंत्रित किया गया है ताकि वे वहीं पेंटिंग बना सकें। आगंतुक न केवल प्रदर्शनी का आनंद ले सकते हैं बल्कि बच्चों से बातचीत कर उनकी रचनात्मक प्रक्रिया को भी करीब से देख सकते हैं। इस अवसर पर भविष्य का समाज की उपाध्यक्ष रवीता शर्मा ने बताया कि कई प्रतिभाशाली बच्चों ने अंतरराष्ट्रीय धरोहर स्थलों पर अपने विचार चित्रों में उतारे हैं।

उन्होंने विशेष रूप से आराध्य अग्रवाल (नेपियर म्यूजियम), कामना कुमारी (कोलोसियम म्यूज़ियम), प्रशस्ति रावत (आम्रपाली म्यूज़ियम) और दिग्विजय सिंह राठौड़ (लौवर म्यूजियम, पेरिस) का उल्लेख किया, जिनकी कृतियाँ दर्शकों का विशेष आकर्षण बनी हुई हैं।

इस अवसर पर डिजिटल बाल मेला की संस्थापक जाह्नवी शर्मा ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को विश्व के 10 हजार से अधिक धरोहर स्थलों और संग्रहालयों की जानकारी हमारे डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से उपलब्ध कराना है, जिससे वे कला और इतिहास के महत्व को गहराई से समझ सकें।

कला प्रेमियों, शिक्षकों और अभिभावकों से अनुरोध है कि वे आएं, प्रदर्शनी देखें और बच्चों की इस रचनात्मक पहल का हिस्सा बनें।

## पीकेएल-12 : धाकड़ देवांक का लगातार 8वां सुपर-10, बंगाल वॉरियर्स ने पटना पायरेट्स को 6 प्वाइंट्स से हराया



■ नवश्रेय टाईम्स, जयपुर

कप्तान देवांक (22 प्वाइंट) के धमाकेदार प्रदर्शन की बदौलत बंगाल वॉरियर्स ने शनिवार को यहां सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के 51वें मैच में पटना पायरेट्स को 48-42 से हरा दिया। बंगाल के लिए इस मैच में देवांक के 22 अंकों के अलावा हिमांशु नरवाल और आशीष ने भी पांच-पांच अंक लिए। वहीं, पटना के लिए अयान ने 15 और मनिंदर ने 12 अंक जुटाए। बंगाल वॉरियर्स की आठ मैचों में यह तीसरी जीत है और टीम अब 13 अंक लेकर नौवें नंबर पर पहुंच गई है। पटना पायरेट्स को आठ मैचों में छठी हार का मुंह देखना पड़ा है।मुकाबले में बंगाल वॉरियर्स के लिए देवांक दलाल और पटना पायरेट्स के लिए 'माइटी' मनिंदर सिंह ने अपनी-अपनी पूर्व टीम के खिलाफ मल्टी प्वाइंट्स लेकर शानदार शुरुआत की। इसके बाद अयान ने सातवें मिनट में मल्टी प्वाइंट लेकर बंगाल वॉरियर्स को ऑलआउट कर दिया और स्कोर को 13-8 तक पहुंचा दिया। इस तरह पटना की टीम पहले 10 मिनट के खेल में 16-11 से आगे हो गई। बंगाल के लिए कप्तान देवांक ने डू ऑर डाई में तीन अंक लेकर अपनी टीम की वापसी करानी शुरू कर दी।

बीएसएनएल रजत जयंती और स्वदेशी 4जी टावरों का उद्घाटन समारोह

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नवाचार और आत्मनिर्भरता की ओर भारत के बढ़े कदम : मुख्यमंत्री शर्मा

- लाभार्थियों ने कहा, अब हमें बात करने के लिए नहीं जाना पड़ता है पहाड़ियों पर
- अपनी मेहनत और कुशलता से बीएसएनएल ने रचा नया इतिहास
- हाईस्पीड इंटरनेट सुविधा से वंचित करीब 30 हजार गांव को मिलेगी सुविधा
- बीएसएनएल का स्वदेशी 4जी नेटवर्क हमारे लिए गर्व की बात - मुख्यमंत्री
- 2014 के बाद देश में आई कम्युनिकेशन क्रांति, बढ़ी इंटरनेट की पहुंच
- चिप से लेकर शिप तक के निर्माण में देश को आत्मनिर्भर बनाना हमारा संकल्प
- भारत स्वदेशी 4जी नेटवर्क सेवा वाले पांच देशों में हुआ शामिल - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि बीएसएनएल की स्वदेशी 4जी नेटवर्क सेवाओं के माध्यम से देश ने आत्मनिर्भरता की तरफ एक बड़ा कदम उठाया है। भारत की कंपनियों ने देश को दुनिया के उन पांच देशों की सूची में ला खड़ा किया है जिनके पास 4जी सेवाएं शुरू करने की पूरी तरह स्वदेशी टेक्नोलॉजी है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि चिप से लेकर शिप तक हर चीज के निर्माण में भारत आत्मनिर्भर हो और हर देशवासी की भी यही मनोकामना है। मोदी शनिवार को ओडिशा के झारसुगुड़ा से बीएसएनएल की 4जी नेटवर्क सेवा के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर बीएसएनएल के 92 हजार 600 से अधिक 4जी नेटवर्क टावरों सहित लगभग 97 हजार 500 टावर्स का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि जो भी देश आर्थिक रूप से सशक्त होना चाहता है वो बड़े-बड़े जहाज निर्माण पर बहुत बल देता है। व्यापार, टेक्नोलॉजी तथा देश की सुरक्षा में शिप बिल्डिंग से फायदा होता है। इसलिए हमारी सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए शिप बिल्डिंग के लिए 70 हजार करोड रुपए का पैकेज मंजूर किया है जिससे भारत में 4.50 लाख करोड रुपए का निवेश आएगा। यह पैसा स्टील, मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक्स और मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े अन्य छोटे लघु कुटीर उद्योगों तक पहुंचेगा और लाखों रोजगार का सृजन होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब टेलीकॉम की दुनिया में 2जी, 3जी, 4जी जैसी सेवाएं शुरू हुई तो उनमें भारत बहुत पीछे रह गया था। इन तकनीकों के लिए भारत विदेशों पर ही निर्भर रहा, ऐसी स्थिति देश के लिए ठीक नहीं थी। इसलिए हमने संकल्प लिया कि टेलीकॉम सेक्टर की यह जरूरी टेक्नोलॉजी देश में ही विकसित हो। मोदी ने कहा कि हमारे लिए गौरव की बात है कि बीएसएनएल ने अपने ही देश में पूरी तरह स्वदेशी 4जी टेक्नोलॉजी विकसित कर ली है। अपनी मेहनत और कुशलता से बीएसएनएल ने नया इतिहास रच दिया है। मोदी ने कहा कि यह सुखद संयोग है कि बीएसएनएल अपनी स्थापना का 25वां वर्ष मना रहा है। बीएसएनएल और उसके सहयोगियों की मेहनत से आज भारत ग्लोबल टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### 18 हजार 903 टावर सौर ऊर्जा से संचालित हरित टावर

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज डिजिटल भारत निधि परियोजना के माध्यम से बीएसएनएल और अन्य दूरसंचार सेवा प्रदाता 27 हजार 106 गांवों में 4जी कनेक्टिविटी ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि 18 हजार 903 टावर पहले ही तैयार हो चुके हैं जो 26 हजार से यादा गांवों को कवर करते हुए लगभग 20 लाख घरों को सेवा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 18 हजार 903 टावर सौर ऊर्जा से संचालित हरित टावर हैं। यह कीर्तिमान आज भारत के सबसे बड़े ग्रीन नेटवर्क में से एक बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री डिजिटल इंडिया की बात करते हैं ।



### मुख्यमंत्री का 4जी सेवा के लाभार्थियों से संवाद – प्रदेशवासियों को स्वदेशी 4जी नेटवर्क के माध्यम से मिल रहा संचार सुविधाओं का लाभ : मुख्यमंत्री शर्मा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को सीतापुरा स्थित जेईसीसी में बीएसएनएल की स्वदेशी 4जी नेटवर्क सेवा के शुभारंभ पर आयोजित कार्यक्रम में 4जी सेवा के लाभार्थियों से आत्मीयतापूर्वक संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश दूरसंचार क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राजस्थान की हजारों साइट्स पर अब बीएसएनएल की 4जी सेवा उपलब्ध है। इससे प्रदेशवासियों को स्वदेशी रूप से विकसित नेटवर्क पर शिक्षा, चिकित्सा, व्यापार तथा अन्य क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न सुविधाओं का लाभ सुचारू रूप से मिल रहा है। विभिन्न जिलों से वर्चुअली जुड़े तथा कार्यक्रम में मौजूद सभी लाभार्थियों ने 4जी सेवा के प्रारंभ होने से उनके जीवन में आए बदलाव के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया और अपने अनुभव साझा किए। अलवर के हरिपुरा गांव के तुलसीदास ने बताया कि उनका गांव वर्षों तक संचार सुविधा से वंचित था। गांव में 4जी नेटवर्क आने से बचों की शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। ब्यावर के नाईकलां ग्रामवासी सोहनसिंह ने बताया कि हमें मोबाइल पर बातचीत करने के लिए पहाड़ियों पर चढ़ना पड़ता था। 4जी सेवा की शुरूआत होने से हमारी ग्राम पंचायत में केन्द्र और राय सरकार की योजनाओं का निर्बाध रूप से लाभ मिल पा रहा है।जैसलमेर की अभयवाला चौकी से जुड़े बीएसएफ के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि भारत-पाकिस्तान सीमा से लगभग 200 मीटर दूर पर ही अब 4जी सेवा की

## न्यूज़ ब्रीफ

### कांग्रेस के सीए प्रकोष्ठ का दावा : इनवर्टेड टैक्स स्ट्रक्चर बनेगा नासूर, जनता तक लाभ पहुंचने पर संशय




■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सीए प्रकोष्ठ ने शनिवार को जीएसटी 2.0 को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। प्रदेश अध्यक्ष नितिन व्यास ने कहा कि इनवर्टेड टैक्स स्ट्रक्चर–जहां कचे माल पर 18 और तैयार उत्पाद पर 5 तस्ज्ञ है–उद्योगों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। इससे कार्यशील पूंजी पर संकट गहराता जा रहा है और उत्पादन लागत बढ़ने से ग्राहकों तक महंगे दामों पर उत्पाद पहुँच रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि तस्ज्ञ दरों में कमी का लाभ आम जनता तक पहुंचेगा भी या नहीं। खासकर राजस्थान को अमेरिकी टैरिफ और अब तस्ज्ञ 2.0 की अधूरी दरों से दुगुना नुकसान झेलना पड़ रहा है। व्यास ने आरोप लगाया कि भाजपा ने यह फैसला राजनीतिक लाभ के लिए लिया है–बिहार और बंगाल चुनावों को ध्यान में रखकर। 8 साल में 2000 से अधिक संशोधनों के बावजूद तस्ज्ञ अब भी अस्थिर है।

### मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 'शहरी सेवा शिविर 2025' नर सेवा नारायण सेवा को कर रहे चरितार्थ

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

राजस्थान में इस बार सितम्बर का महीना सिर्फ बदलते मौसम का नहीं, बल्कि आमजन के जीवन में नई रोशनी लाने का गवाह बन रहा है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में शहरी सेवा शिविर 2025 जनकल्याण का ऐसा महाअभियान बन चुका हैं, जो सीधे जनता की उम्मीदों को हकीकत में बदल रहा है।17 सितम्बर से प्रदेशभर में संचालित इन शिविरों में हजारों लोग वर्षों से अटके दस्तावेज, अधूरी उम्मीदें और लंबित प्रकरण लेकर आते हैं और उसी दिन समाधान पाकर मुस्कुराते चेहरों के साथ घर लौटते हैं। यही कारण है कि आज हर राजस्थानी इन शिविरों की सराहना कर रहा है।

**शिविरों से बदल रही राजस्थान की सूरत**

शहरी सेवा शिविर 2025 में अब तक उल्लेखनीय परिणाम सामने आए हैं। इन शिविरों के माध्यम से 26 सितंबर तक लगभग 8 हजार 267 पट्टों का वितरण किया जा चुका है। धारा 69-ए के अन्तर्गत 768 परिवारों को पट्टों का हक मिला है, वहीं 587 अपंजीकृत पट्टों का पुनर्वैधीकरण कर उनका पंजीकरण किया गया है। कच्ची बस्ती नियमन के तहत 221 बस्तियों को कानूनी पहचान प्रदान की गई है, जबकि कृषि भूमि पर बसी स्वीकृत योजनाओं में 4 हजार 834 लोगों के पट्टे स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा निकाय, न्यास एवं प्राधिकरण की स्वयं की योजनाओं के अन्तर्गत 941 पट्टे जारी किए गए हैं। पूर्व में जारी पट्टों के समर्पण के बाद 206 नए पट्टे पुनः जारी किए गए, साथ ही 455 प्रकरणों को लीज होल्ड से फ्री होल्ड में परिवर्तित किया गया। इसके अतिरिक्त 255 पट्टे स्टेट ग्रांट के तहत स्वीकृत हुए हैं।

### लेह हिंसा के बाद गिरफ्तार सोनम वांगचुक को राजस्थान की जोधपुर सेंट्रल जेल में त्रिस्तरीय सुरक्षा

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

लेह-लद्दाख में हालिया हिंसक प्रदर्शनों के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत गिरफ्तार सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को देश की सबसे सुरक्षित जेलों में शुमार राजस्थान की जोधपुर सेंट्रल जेल में रखा गया है। शुक्रवार रात को लेह से लाकर यहां लाया गया। जेल में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मेडिकल जांच भी पूरी हो चुकी है। वहीं, वांगचुक के समर्थन में शनिवार का सेंट्रल जेल के बाहर एक समर्थक भी तिरंगा लेकर पहुंचा जिसे पुलिस ने हिरासत में लिया। देश की सबसे सुरक्षित जेलों में से एक राजस्थान की जोधपुर सेंट्रल जेल और अजमेर की घुघरा जेल शामिल हैं। इन्हीं कारणों से सोनम वांगचुक को गिरफ्तारी के बाद जोधपुर शिफ्ट किया गया। यहां जेल में लगे कैमरे न सिर्फ जेल मॉनिटरिंग सिस्टम से जुड़े हुए हैं बल्कि पुलिस कंट्रोल रूम से भी कनेक्ट हैं, जिससे चौबीसों घंटे कैदियों की गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। जोधपुर सेंट्रल जेल में मुख्य गेट से लेकर अंदर तक त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था है, जिसमें आरएसी जवानों, पुलिस बल और जेलकर्मियों की तैनाती रहती है। इस जेल में पहले भी कई बड़े मामलों के आरोपित रखे जा चुके हैं। इनमें कश्मीरी अलगाववादी, पंजाब के खालिस्तानी आतंकवादी, अफगानी कैदी, आसाराम, सलमान खान, लॉरेंस बिश्नोई और भंवरी देवी हत्याकांड के आरोपित शामिल रहे हैं। सोनम वांगचुक को भी इन्हीं उच्च सुरक्षा मानकों के तहत रखा गया है।इधर, सोनम वांगचुक के समर्थन में शनिवार सुबह तिरंगा लिए हुए एक व्यक्ति जोधपुर सेंट्रल जेल के बाहर पहुंच गया और भारत माता की जय के नारे लगाने लगा। उसने कहा कि सोनम वांगचुक देशभक्त है। लेह लद्दाख के सभी नागरिक देशभक्त है। इन लोगों ने ही कारगिल की घुसपैठ के बारे में भारतीय सेना को सूचना दी थी। इस व्यक्ति ने अपना नाम विजयपाल निवासी सुजानगढ़ जिला चूरू बताया। विजयपाल ने बताया कि जब उसे यह पता चला कि वांगचुक को जोधपुर लाया गया है तो वह सुबह उठकर साइकिल से सुजानगढ़ रेलवे स्टेशन पहुंचा। वहां से ट्रेन पकड़कर जोधपुर आया।

**सुजानगढ़ से समर्थक पहुंचा जोधपुर, लगाए नारे, पुलिस ने किया डिटेन**

रायपाल ने किया नेशनल मीडिया कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ

## मीडिया विश्वास,एकता और शांति बनाए रखने का सशक्त माध्यम : रायपाल

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर




रायपाल हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को ब्रह्माकुमारी के शांतिवन परिसर में आयोजित नेशनल मीडिया कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ इसीलिए कहा जाता है कि वह लोकतंत्र की जड़ों को सींचकर उसे हरा भरा रखता है। उन्होंने कहा कि मीडिया विश्वास, एकता और शांति बनाए रखने का सशक्त माध्यम है उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र कई बरसों से अक्षुण्ण है इसका कारण भारत के कई लोगों का बलिदान है जिन्होंने समय समय पर इस देश की संस्कृति, एकता और लोकतंत्र को अक्षुण्ण रखने के लिए कार्य किए।रायपाल ने कहा कि भारत की संस्कृति विश्व की पहली संस्कृति है। हजार वर्षों से यादा समय तक हमारी संस्कृति को छिन्न-भिन्न करने की कोशिश की गई है। मैकाले की शिक्षा पद्धति ने भी संस्कृति को क्षति पहुचाने की कोशिश की। विश्व में जब कुल 6 विश्वविद्यालय थे, उस समय हमारे पास नालंदा और तक्षशिला जैसे दो विशाल विश्वविद्यालय थे। विभिन्न आक्रांताओं द्वारा किए गए आक्रमण साथ ही विभिन्न कुत्सित प्रयासों के बाद भी हमारी संस्कृति नष्ट नहीं हुई, बल्कि तेजी से बढ़ रही है। क्योंकि हमारे यहां योगी, महात्मा हुए।

हमने किसी पर आक्रमण नहीं किया। हम सर्वधर्म को मानते हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग राष्ट्रहित के लिए और शांति के लिए कार्य करे, ये बेहद महत्वपूर्ण है उन्होंने मीडिया के विभिन्न माध्यमों के बारे में बताते हुए कहा कि मीडिया का हर माध्यम आज के समय में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। रायपाल ने बताया कि हमारा देश विश्व में कई क्षेत्रों में अग्रणी है साथ ही सामुहिक प्रयासों से ही आगे प्रगतिरत भी है। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

### बचे ध्यान लगा पढ़ें और आगे बढ़ें-रायपाल

रायपाल ने भारजा में दिल्ली पब्लिक स्कूल में बचों को ध्यान लगाकर पढ़ने की बात कही। उन्होंने बचों को अपने लक्ष्य पर ध्यान रखकर मेहनत करने की बात कही एवं अनुशासित जीवन चर्या से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।उन्होंने बचों को जीवन में अनुशासन रखने, खाना जूठा ना छोड़ने सदैव सत्य बोलने और सदैव आगे बढ़ने के लिए प्रयासरत रहने की बात कही। उन्होंने बचों को उत्तम दिनचर्या और सद्गुणों के माध्यम से एक आदर्श व्यक्ति बनने की प्रेरणा दी। इस दौरान रायपाल ने विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न वाद्य यंत्रों पर दी गई सुरीली सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं नृत्य प्रस्तुति पर उनकी सराहना करते हुए उत्साह वर्धन किया एवं शुभकामनाएं दी।रायपाल बागड़े ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया और सभी को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### प्रधानमंत्री मोदी नवरात्रि पर देवी स्तुतियों से दे रहे हैं भाषाई विविधता और अनेकता में एकता का संदेश



- नवरात्रि में राष्ट्रभक्ति और संस्कृति का संगमः प्रधानमंत्री मोदी की विशेष पहल
- एकता की देवी-आराधनाः भाषाई विविधता में भक्ति का नवस्वर
- हर भाषा में मां दुर्गा की स्तुतिः प्रधानमंत्री मोदी का सांस्कृतिक यज्ञ
- नवरात्रि के नौ दिन, नौ भाषाएं, एक राष्ट्रः प्रधानमंत्री मोदी की अनूठी श्रद्धांजलि
- भक्ति, भाषा और भारतः नवरात्रि में प्रधानमंत्री मोदी का आध्यात्मिक समर्पण

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शारदीय नवरात्रि के अवसर पर भक्ति भाव के साथ मां दुर्गा के नौ स्वरूपों को नमन करते हुए देश की हर भाषा, हर समाज को जोड़ने का काम रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर प्रतिदिन अलग-अलग भारतीय भाषाओं में देवी स्तुतियों को साझा कर मां दुर्गा के प्रति अपनी आस्था करने के साथ देश की भाषाई विविधता और अनेकता में एकता का संदेश भी दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस नवरात्रि को भाषाओं, भजनों और भावों की अन्तर्निहित लहरों में डूबा हुआ एक विशाल सांस्कृतिक महासागर बना दिया। प्रधानमंत्री मोदी की एक्स पोस्ट की हर स्तुति, हर स्वर और हर शब्द मानो मनोवैज्ञानिक मणिकुंडलियों की तरह जुड़कर देश के कोने-कोने में अनंत ध्वनियों का प्रतिबिंब छोड़ रही हो। हिंदी, गुजराती, मैथिली, तमिल, कन्नड़ और तेलुगू इन भाषाओं की बहुलता से संगीतीय आयामों का प्रभाव छोड़ रही है। हर प्रस्तुति भक्तिभाव, आध्यात्मिक पराक्रम और सांस्कृतिक प्रतीकवाद का अनुचित मिश्रण प्रस्तुत कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने नवरात्रि पर्व को एक उत्सव बना दिया है। उन्होंने इन सभी भाषाओं और गायकों की प्रस्तुतियां साझा कर देश की विविधता को सम्मान देने के साथ-साथ 'अनेकता में एकता' का संदेश दिया है। नवरात्रि के प्रथम दिन प्रधानमंत्री मोदी ने मां शैलपुत्री की आराधना करते हुए हिंदी में प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित जसराज द्वारा गाए गए या देवी सर्व भूतेषु मंत्रोच्चारण का वीडियो साझा किया। दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करते हुए गुजराती भाषा में आदित्य गढ़वी की प्रस्तुत देवी स्तुति जयति जयति जगत्जननि साझा की। तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है, प्रधानमंत्री ने बिहार की लोकगायिका मैथिली ठाकुर की आवाज में प्रस्तुत महिषासुरमर्दिनी स्तोत्र साझा किया।

चौथे दिन प्रधानमंत्री ने मां कूष्मांडा की पूजा करते हुए तमिल भाषा में प्रख्यात पार्श्व गायिका पी. सुशीला की आवाज में गाई गई स्तुति जय जय देवी दुर्गा देवी साझा की। पांचवें दिन मां स्कंदमाता की आराधना में प्रधानमंत्री ने कन्नड़ भाषा की गायिका एस. जानकी की आवाज में गाई गई स्तुति कमलद मोगदोले साझा की। नवरात्रि के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा वाले दिन तेलुगू भाषा में प्रख्यात पार्श्व गायक एसपी बालासुब्रह्मण्यम की स्तुति अम्मा भवानी लोकलानेले साझा की।

कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने ग्रामीण सेवा शिविरों का किया निरीक्षण

## परिवेदनाओं को गंभीरता सुन दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश - बांकली व भांगेसर में लाभार्थियों को वितरित किए पटटे

- पशुपालकों को मंगला पशु बीमा योजना की पॉलिसी भी की वितरित

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने शनिवार को पाली जिले के सुमेरपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत बाँकली, पाली पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत भांगेसर के ग्रामीण सेवा शिविरों का अवलोकन किया। बांकली के ग्रामीण सेवा शिविर में मंत्री कुमावत ने अवलोकन कर विभिन्न विभागों के काउंटरों का निरीक्षण किया।

कुमावत ने शिविरों में परिवेदनाओं को गंभीरता से सुनकर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक योजना का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संकल्पबद्द है। उन्होंने ग्रामीणों से इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। कुमावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप इन ग्रामीण सेवा शिविरों में आमजन की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कर त्वरित राहत दी जा रही है। शिविरों में आम नागरिक केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने आह्वान किया कि आमजन अपने नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए समाज के गरीब व जरूरतमंद व्यक्ति को इन शिविरों तक लाएं, जिससे उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। कुमावत ने कहा कि इन सेवा शिविरों में 16 विभागों को शामिल किया गया है, जहां सम्बंधित विभाग के अधिकारी न केवल योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं बल्कि आमजन की लंबित समस्याओं का भी त्वरित निस्तारण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक ही मंच पर और एक ही स्थान पर सभी विभाग समन्वय के साथ आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग से जुड़े काम जैसे नाम शुद्धिकरण, नामांतरण, बंटवारा विवाद आदि काम वर्षों से अटके हुए हैं, जिनका त्वरित निस्तारण इन शिविरों में हो रहा है। इसके साथ ही राज्य सरकार की कई योजनाओं का लाभ भी मौके पर ही प्रदान किया जा रहा है।

### मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन 2029 तक पूरी तरह से हो जाएगी चालू : अश्विनी वैष्णव

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन 2029 तक चालू हो जाएगी और गुजरात में सूरत और बिलिमोरा के बीच भारत के पहले हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का 50 किमी का हिस्सा 2027 तक खुलने की उम्मीद है।केंद्रीय मंत्री के अनुसार, बुलेट ट्रेन से मुंबई और अहमदाबाद के बीच की दूरी दो घंटे सात मिनट में तय की जा सकेगी, जबकि गूगल मैप्स पर यह दूरी 9 घंटे की दिखाई जाती है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, पहले बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट की कुल प्रगति बहुत अछी रही है। सूरत और बिलिमोरा के बीच पहला 50 किमी का सेक्शन 2027 तक खुल जाएगा। 2028 तक, ठाणे-अहमदाबाद सेक्शन चालू हो जाएगा और 2029 तक पूरी मुंबई-अहमदाबाद लाइन खुल जाएगी।केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया, जिसमें ट्रैक के किनारे वाइब्रेशन एब्जॉर्ब करने वाले सिस्टम और तेज हवा और भूकंप से निपटने के लिए खास सुरक्षा सुविधाएं शामिल हैं।

भारत में बाल विवाह में उल्लेखनीय गिरावट, दुनिया के लिए बना सबक

## बाल विवाह के खिलाफ कड़े कदमों के लिए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा को 'चैंपियंस ऑफ चेंज' पुरस्कार से सम्मानित किया

- बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी यादा नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने जारी की रिपोर्ट
- एक रिपोर्ट के अनुसार बाल विवाह की दर में लड़कियों में 69 और लड़कों में 72 की गिरावट
- 84 की गिरावट के साथ असम शीर्ष पर, इसके बाद महाराष्ट्र, बिहार, राजस्थान और कर्नाटक का स्थान

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर

भारत में बाल विवाह की दर में बेतहाशा गिरावट दर्ज की गई है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) की ओर से जारी शोध रिपोर्ट, 'टिपिंग प्वाइंट टू जीरो ~ एविडेंस टूवार्ड्स ए चाइल्ड मैरेज फ्री इंडिया' के अनुसार देश में लड़कियों के बाल विवाह की दर में 69 प्रतिशत की गिरावट आई है जबकि लड़कों में इस दर में 72 प्रतिशत की कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार बाल विवाह की रोकथाम के लिए गिरफ्तारियां व एफआईआर जैसे कानूनी उपाय सबसे प्रभावी साबित हुए हैं। रिपोर्ट बताती है कि लड़कियों की बाल विवाह की दर में सबसे यादा 84 प्रतिशत गिरावट असम में दर्ज की गई है। इसके बाद संयुक्त रूप से महाराष्ट्र व बिहार (70 प्रतिशत) का स्थान है जबकि राजस्थान व कर्नाटक में क्रम से 66 और 55 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले तीन वर्षों के दौरान केंद्र, राय सरकारों और नागरिक समाज संगठनों के समन्वित प्रयासों की बदौलत बाल विवाह की दर में यह अप्रत्याशित गिरावट संभव हुई है। सर्वे में हिस्सा लेने वाले 99 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उन्होंने मुख्यत~ गैरसरकारी संगठनों के जागरूकता अभियानों, स्कूलों व पंचायतों के जरिए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बारे में सुना या जाना है। यह रिपोर्ट न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर एक अलग कार्यक्रम में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने जारी की। इस रिपोर्ट को जेआरसी के सहयोगी संगठन इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन के शोध प्रभाग सेंटर फॉर लीगल एक्शन एंज बिहैवियरल चेंज फॉर चिल्ड्रेन (सी-लैब) ने तैयार किया था। बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) 250 से भी यादा नागरिक समाज संगठनों का देश का सबसे बड़ा नेटवर्क है। बाल विवाह के रोकथाम की दिशा में असम की अभूतपूर्व उपलब्धियों को मान्यता देते हुए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा को 'चैंपियंस ऑफ चेंज' पुरस्कार से सम्मानित किया। अगर इस संदर्भ में देखें कि 2019-21 तक देश में हर मिनट तीन बाल विवाह होते थे जबकि रोजाना सिर्फ तीन मामलों की ही शिकायत दर्ज हो पाती थी तो रिपोर्ट के नतीजे देश में ऐतिहासिक बदलावों की ओर इशारा करते हैं। रिपोर्ट बताती है कि आज लगभग हर व्यक्ति बाल विवाह से जुड़े कानूनों के बारे में जानता है और कुछ साल पहले तक यह बदलाव अकल्पनीय था। रिपोर्ट इस तथ्य को उजागर करती है कि 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए 2024 में शुरू हुए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को बिहार, असम व महाराष्ट्र में जन-जन तक पहुंचाने में गैरसरकारी संगठनों की सबसे अहम भूमिका रही है। बिहार में 93, महाराष्ट्र में 89 और असम में 88 लोगों को गैरसरकारी संगठनों के जरिए इस अभियान के बारे में जानकारी मिली। राजस्थान व महाराष्ट्र में इस अभियान के बारे में जागरूकता फैलाने में स्कूलों की अहम भूमिका रही जहां क्रम से 87 व 77 प्रतिशत लोगों को स्कूलों से इसके बारे में पता चला। बचों के खिलाफ इस अपराध के खात्मे के लिए सभी हितधारकों के बीच सामंजस्य व समन्वय और कानून पर सख्ती से अमल की जरूरत पर जोर देते हुए ।जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संस्थापक भुवन ऋभु ने कहा, भारत आज बाल विवाह के खात्मे के कगार पर है। यह केवल एक सतत विकास लक्ष्य को हासिल करना भर ही नहीं है बल्कि हमने दुनिया के सामने यह साबित किया है कि इसका खात्मा न सिर्फ संभव है बल्कि यह होकर रहेगा। सफलता के सूत्र बिलकुल स्पष्ट हैं - सुरक्षा से पहले रोकथाम, अभियोजन से पहले सुरक्षा और रोकथाम के लिए निवारक उपाय के तौर पर अभियोजन। यह सिर्फ भारत की जीत नहीं हैं बल्कि दुनिया के लिए एक ब्लूप्रिंट है। सरकार का दृढ़ संकल्प, मजबूत साझेदारियां, समुदायों की भागीदारी, बचों की सहभागिता, सामाजिक सुरक्षा तक पहुंच और कानून के शासन पर सख्ती से अमल हो तो बाल विवाह मुक्त विश्व हमारी पहुंच में है।

### गहलोत का भाजपा पर हमला : मणिपुर की हिंसा, वांगचुक की गिरफ्तारी और कन्हैयालाल हत्याकांड पर केंद्र सरकार को घेरा

■ नवश्रेय टाईम्स , जयपुर



पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को डबोक हवाई अड्डे पर मीडिया से बातचीत में केंद्र सरकार पर गंभीर सवाल उठाए। वे एक कार्यक्रम के तहत उदयपुर आए थे। उन्होंने कहा कि मणिपुर में ढाई साल से हिंसा का दौर चल रहा है, लेकिन गृह मंत्रालय समय रहते संवाद स्थापित कर हालात नहीं संभाल पाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में मणिपुर गए, फिर भी हिंसा भड़क उठी। गहलोत ने कहा कि यह पहली बार है जब इतने लंबे समय तक हालात बिगड़े और खून-खराबा हुआ, जो देशहित में कतई उचित नहीं है। लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी पर भी गहलोत ने केंद्र को कठघरे में खड़ा किया।

उन्होंने कहा कि वांगचुक लंबे समय से अपनी मांगों को शांति से उठा रहे थे और खुद पीएम मोदी के समर्थक भी रहे हैं। अचानक उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज कर जेल भेज दिया गया, वह भी सीधे जोधपुर जेल। आखिर कौन से ऐसे आतंकवादी थे कि उन्हें लद्दाख से सैकड़ों किलोमीटर दूर राजस्थान की जेल भेजना पड़ा जेलों में सीसीटीवी मॉनिटरिंग और सुरक्षा व्यवस्था पर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर जेलों में मोबाइल मिल रहे हैं और गैंगस्टर ऑपरेट कर रहे हैं तो यह गृह मंत्रालय की नाकामी है। बॉर्डर इलाकों में भाईचारा और शांति रहनी चाहिए, हिंसा का माहौल देशहित के लिए घातक है।कांग्रेस में मेवाराम जैन की वापसी पर गहलोत ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति की अनुशंसा और व्यापक रायशुमारी के बाद ही यह फैसला किया गया है। कन्हैयालाल साहू हत्याकांड की जांच में हो रही देरी को लेकर गहलोत ने फिर सवाल उठाए और कहा कि एनआईए ने केस लेकर भी तीन साल में कोई ठोस नतीजा नहीं दिया, जबकि यह केस राय सरकार के पास होता तो छह माह में फैसला हो जाता। 166 गवाहों में से अब तक महज 15-16 के ही बयान हुए हैं, यहां तक कि पीड़ित परिवार के बेटों के बयान भी अधूरे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने आरोप लगाया कि जयपुर से डॉक्टर भेजकर जिस गवाह का इलाज कराया गया था, वह अब पूरी तरह बयान देने की स्थिति में है, फिर भी उसका बयान दर्ज नहीं हो रहा है। बार-बार यह मुद्दा गृह मंत्री और प्रधानमंत्री के सामने उठाने के बावजूद चुप्पी साध ली गई है। आखिर तीन साल से जांच अटकी क्यों है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पर कुछ क्यों नहीं कह रहे। साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान पीड़ित परिवार को मुआवजे के नाम पर भ्रामक प्रचार किया गया। कन्हैयालाल के परिवार को केवल पांच लाख रुपये मिलने की झूठी बात फैलाकर पचास लाख की तुलना की गई, जबकि वास्तविकता यह है कि 51 लाख रुपये दिए गए। इसी झूठे कैंपेन से जनता गुमराह हुई और चुनाव परिणाम प्रभावित हुए। गहलोत ने फिर दोहराया कि हत्या करने वाले दोनों आरोपित भाजपा कार्यकर्ता थे, यह साबित हो चुका है। शायद यही कारण है कि सजा दिलाने में देरी हो रही है ताकि पार्टी की बदनामी न हो। राजस्थान की जनता अब इस झूठ को पहचान चुकी है और आने वाले चुनाव में इसका जवाब देगी।

स्वत्वाधिकारी , मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक रेखा गौड़ के लिए महारानी प्रिन्टर्स, 17 माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर में मुदित एवं प्लाट नं. एसबी-7, रजनी विहार, हीरापुरा, अजमेर रोड़, जयपुर-302024 से प्रकाशित ।
( पी.आर. बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार )